आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 15.10.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों के लिए 196 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की।
- राज्य में विभिन्न सड़कों के निर्माण और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए 161 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर।
- प्रदेश में प्रतिबंधित कफ सिरप और निम्न गुणवत्ता की दवाओं के खिलाफ औषधि विभाग की सघन कार्रवाई जारी; 370 से अधिक औषधि सैंपल जांच के लिए एकत्रित किए गए।
- मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों और उनके परिजनों को साढ़े ग्यारह करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की।
- पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा— उत्तराखंड को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने के लिये सरकार लगातार प्रयासरत।

धनराशि स्वीकृत

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों के लिए 196 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह राशि ऊर्जा, शिक्षा, पेयजल, परिवहन और आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों में खर्च की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने पिटकुल की एडीबी वित्त पोषित बाह्य सहायतित परियोजनाओं के लिए धनराशि जारी करने को मंजूरी दी है। वहीं, उरेडा की सप्तेश्वर लघु जल विद्युत परियोजना के सिविल, इलेक्ट्रोमैकेनिकल और विद्युत पारेषण कार्यों के लिए भी योजना को स्वीकृति दी गई है।

प्रदेश के राजकीय और सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को हर शैक्षणिक सत्र में निःशुल्क नोटबुक उपलब्ध कराने के लिए भी राशि स्वीकृत की गई है।

इसके अतिरिक्त रुड़की में निर्माणाधीन ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक के ऑटोमेशन कार्य, मसूरी पुनर्गठन पम्पिंग पेयजल योजना, टिहरी गढ़वाल के घनसाली में भिलंगना नदी तथा बागेश्वर के कपकोट क्षेत्र में सरयू नदी से जुड़ी बाढ़ सुरक्षा योजनाएं भी इस धनराशि में शामिल हैं। उत्तरकाशी जिले में हाल की आपदा को देखते हुए राहत कार्यों के लिए भी धनराशि प्रदान की गई है।

सड़क निर्माण धनराशि स्वीकृति

मुख्यमंत्री ने राज्य में विभिन्न सड़कों के निर्माण और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए 161 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है।

इसमें देहरादून जिले के मसूरी विधानसभा क्षेत्र में अनारवाला–मालसी मोटर मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के बाद सड़क के पुनर्निर्माण, बागेश्वर जिले में गरखेत से तल्ला मेजुलिया तक नई सड़क के निर्माण और पौड़ी जिले के लैंसडाउन–नैनीडांडा क्षेत्र में कोटा से पिन्जोली तक मोटर मार्ग निर्माण के कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के चालू और वृहद निर्माण कार्यों के लिए भी बड़ी धनराशि स्वीकृत की है। वहीं, एस.सी.एस.पी. योजना के तहत काशीपुर विधानसभा क्षेत्र के दोहरी वकील गांव में सड़क निर्माण के लिए भी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इन सभी योजनाओं से संबंधित शासनादेश जारी कर दिए गए हैं।

सघन कार्रवाई

प्रदेशभर में प्रतिबंधित कफ सिरप और निम्न गुणवत्ता की दवाओं के खिलाफ औषधि विभाग की सघन कार्रवाई जारी है। अब तक 370 से अधिक औषधि सैंपल जांच के लिए एकत्र किए जा चुके हैं।

राज्यभर में औषधि निरीक्षकों की टीमें लगातार फील्ड पर सक्रिय हैं। नैनीताल जिले के रामनगर क्षेत्र में की गई औचक छापेमारी के दौरान एक मेडिकल स्टोर को बंद किया गया, दो स्टोर्स को निर्देश जारी किए गए और दो स्टोर मौके पर बंद पाए गए। एक क्लीनिक से पांच औषधीय नमूने जांच के लिए लिए गए।

देहरादून में दून मेडिकल कॉलेज के आसपास के मेडिकल स्टोर्स और थोक विक्रेताओं का निरीक्षण किया गया, जहां बच्चों के लिए प्रतिबंधित दवाएं पाई गईं। टीम ने इन्हें सील कर दवाओं के बिक्री पर रोक लगा दी। सेलाकुई की दवा विनिर्माण इकाइयों से भी चार नमूने जांच के लिये लिए गए।

रुड़की में औषधि निरीक्षकों ने बिना लाइसेंस के सरकारी दवाओं के अवैध भंडारण और बिक्री का भंडाफोड़ किया। मौके से 12 प्रकार की एलोपैथिक दवाएं जब्त की गईं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित सिरप न दिए जाएं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने चेतावनी दी कि बच्चों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण

अपर सचिव आयुष शिक्षा विभाग एवं निदेशक डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने कोटद्वार क्षेत्र के हल्दूखाता और सिंबलचौड़ में बन रहे आयुष अस्पतालों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पेयजल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं, ताकि स्थानीय नागरिकों को जल्द बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

हल्दूखाता में 50 बेड के अस्पताल के निरीक्षण के दौरान डॉ. जोगदंडे ने भवन, परिसर और अधोसंरचना की विस्तार से जांच की। उन्होंने वर्षा जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने और निर्माण में उपयोग हो रही सामग्रियों की सैंपलिंग कराने के निर्देश दिए।

सिंबलचौड़ में 10 बेड के अस्पताल के मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने पेयजल निगम को 15 दिनों के भीतर सभी कार्य पूरे करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल निर्माण में देरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए।

डीबीटी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में देहरादून में उत्तराखंड भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बोर्ड में पंजीकृत लगभग 10 हजार श्रमिकों और उनके परिजनों को 11 करोड़ 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मनरेगा श्रमिकों को शीघ्र भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत शामिल किया जाए। लक्ष्य निर्धारित किया गया कि अगले तीन महीनों में कम से कम 5 से 6 लाख श्रमिकों का पंजीकरण किया जाएगा।

श्री धामी ने कहा कि श्रम विभाग और बोर्ड के अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे प्रत्येक श्रमिक तक पहुंच बनाकर उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार्य नहीं होगी।

संबोधन

प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि उत्तराखंड को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य में हर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ाने के लिये तेजी से काम किया जा रहा है। सतपाल महाराज, राजस्थान के उदयपुर में आयोजित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि प्रदेश में जल, जमीन और आकाश, तीनों क्षेत्रों में पर्यटन विस्तार के लिये नई योजनाएं लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि

युवाओं के प्रशिक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। थल अभियानों में बेसिक और एडवांस कोर्स, जल अभियानों में फर्स्ट एड कोर्स और महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्रियों ने भाग लिया। इस दौरान सांस्कृतिक विरासत संरक्षण और पर्यटन विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

आदेश रद्द

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मकानों पर नंबर प्लेट लगाने से संबंधित टिहरी गढ़वाल और उत्तरकाशी के जिला पंचायत राज अधिकारियों के आदेशों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। साथ ही, उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि दोनों जिलों के अधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन आदि कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार के तहत मकानों पर नंबर प्लेट लगाने का कार्य एक बाहरी व्यक्ति को देने से संबंधित पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे।

मुख्यमंत्री धामी ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए कहा कि सभी सरकारी कार्य जनहित, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ होने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 10 करोड रुपए़ तक की सरकारी अधिप्राप्तियों में स्थानीय लोगों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और इस संबंध में जारी आदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर........

आज के समाचार पत्रों में नियुक्ति पत्र वितरण, अतिक्रमण और कफ सीरप की जांच की ख़बर प्रमुखता से प्रकाशित की गई हैं।

एक हजार चार सौ उनसठ युवाओं को नियुक्ति रूप में दिया दीवाली का तोहफा; एक हजार तीन सौ सैंतालीस सहायक अध्यापकों, एक सौ नौ समीक्षा एवं उप समीक्षा अधिकारियों को मिली नियुक्ति, अमर उजाला की ख़बर है। समाचार पत्र शिक्षा मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत के हवाले से लिखता है– नब्बे दिन में सात हजार तीन सौ सैंतालीस युवाओं को मिलेगी नौकरी।

अतिक्रमण पर चलाया अभियान, 54 हजार रुपए जुर्माना वसूला दैनिक जागरण की सुर्खी है। समाचार पत्र के अनुसार पुलिस और नगर निगम की टीमों ने देहरादून में विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की।

एक अन्य ख़बर पर दैनिक जागरण लिखता है– दस मेडिकल स्टोर पर छापेमारी, कफ सीरप सील। दून, हरिद्वार, नैनीताल व रुद्रप्रयाग में एफडीए ने चलाया अभियान।

राज्यकर्मियों का डीए तीन प्रतिशत बढ़ा, बोनस पर भी मुहर। हिंदुस्तान समाचार पत्र के अनुसार अड़तालिस सौ ग्रेड–पे कि वाले कर्मियों को ही मिलेगा बोनस, डीए–बोनस का शासनादेश होना बाकी।